E-Mail Id: - eegraminbla@gmail.com
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बलिया।
श्रीराम विहार कालोनी, बलिया

पत्रांक 539/ पे० ज० यो० / 70 दिनांक: 27 / 04 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
बलिया।

विषयः– पेपर कटिंग अमर उजाला समाचार पत्र दिनांक 2704.2026 में प्रकाशित खबर "पानी तीन दिन में एक बार आता है वह भी 20 मीनट के लिय" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "पानी तीन दिन में एक बार आता है वह भी 20 मीनट के लिय" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद बलिया के विकास खण्ड बेलहरी में 09 नग पूर्व निर्मित एवं 03 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाए हैं। जिसमें वर्तमान तक 19 नग राजस्व ग्राम के 10411 हाउस होल्ड को जल संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। गंगापुर गांव की वर्तमान आबादी 6748 है, की निवासित जंनसंख्या को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत गंगापुर पेयजल योजना का निर्माण वर्ष 2005–06 में कराया गया था। उक्त योजना में तत्कालीन समय से वर्तमान तक जलापूर्ति की जा रही है। योजना मे वर्तमान निवासित 985 परिवारों के सापेक्ष बलिहार एवं गंगापुर गांव के हुकुम छपरा, तेलिया टोला, उपाध्याय टोला, दुर्जनपुर, मीनापुर, नई बस्ती चौबे छपरा, नई बस्ती रिकनी छपरा, शाहपुर एवं आधे से अधिक तिवारी टोला और नई बस्ती में लगभग 400 नग गृह जल संयोजन में आपूर्ति की जा रही है एवं पम्प आपरेटर को प्रत्येक दिन दो घण्टे सुबह एवं दो घण्टे शाम को पम्प चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त योजना के लगभग 20 वर्ष पुरानी हो जाने के कारण पेयजल योजना के अग्रिम 10 वार्षो तक रखरखाव/मरम्मत कार्य हेतु मुख्यालय स्तर से चयनित फर्म द्वारा पुरानी योजनाओं का सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर प्राक्कलन तैयार करके स्वीकृति हेतु मुख्यालय प्रेषित है प्राक्कलन स्वीकति उपरान्त योजना अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने/आवश्यक मरम्मत कराये जाने के साथ साथ नवीन गृह जल संयोजन एवं पूर्व अधिष्ठापित गृह जल संयोजन के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर उक्त ग्राम के समस्त घरों को सुचारू रूप से जालापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(मुजीब अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियंता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला सूचना सम्पर्क अधिकारी, बलिया।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner